**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**
**31.07.2024 के**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1435 का उत्तर**

**थावे जंक्शन पर सुपरफास्ट रेलगाड़ियों की अनुपलब्धता**

**1435. डॉ. आलोक कुमार सुमन:**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

**(क) क्या यह सच है कि थावे जंक्शन से देश के विभिन्न महानगरों के लिए कोई सुपरफास्ट रेलगाड़ियाँ नहीं चलती हैं;**
**(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और थावे जंक्शन पर सुपरफास्ट रेल सेवाएं प्रदान करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं;**
**(ग) क्या यह सच है कि थावे जंक्शन क्षेत्र के अंतर्गत लाखों यात्री रेल सुविधाओं से वंचित हैं, जिससे रेलवे को राजस्व की हानि हो रही है; और**
**(घ) क्या यह सच है कि रेलगाड़ियों की अनुपलब्धता के कारण लाखों यात्रियों ने महानगरों के लिए निजी बस सेवाओं का सहारा लिया है, जिससे सरकार को राजस्व की हानि हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?**

**उत्तर**

**रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**

**(श्री अश्विनी वैष्णव)**

**(क) से (घ): इस समय थावे स्टेशन पर 03 जोड़ी मेल/एक्सप्रेस तथा 11 जोड़ी पैसेंजर गाड़ी सेवाएं उपलब्ध हैं। इसके अलावा नजदीकी सीवान स्टेशन से भी प्रमुख शहरों के लिए गाड़ियां उपलब्ध है। इसके अलावा, भारतीय रेल में नई रेलगाड़ियों की शुरुआत करना यातायात औचित्य, परिचालनिक व्यवहार्यता, संसाधनों की उपलब्धता, प्रतिस्पर्धी मांगों आदि के अध्यधीन एक सतत् प्रक्रिया है।**

**********

s.k